# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक 11.08.2026

# एन.सी.सी.- सूचना

## NCC में प्रवेश हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 अगस्त, 2026 तक विस्तारित

महाविद्यालय के **स्नातक कक्षाओं {बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम./बी.सी.ए.} के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि** महाविद्यालय में **FSFS (Fully Self Financing Scheme)** के अंतर्गत एन.सी.सी. सीनियर डिवीज़न की एक प्लाटून संचालित है। **सत्र 2026–27 में एन.सी.सी. प्रथम वर्ष (NCC, SD–'B' Certificate, SW–'B' Certificate)** एवं **तृतीय वर्ष (SD–'C' Certificate, SW–'C' Certificate)** में पंजीकरण हेतु इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय के बी.एड. विभाग से पंजीकरण फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं (फॉर्म का शुल्क जमा करके)।

विद्यार्थियों का पंजीकरण शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य मानकों के आधार पर एन.सी.सी. बटालियन द्वारा किया जायेगा। पंजीकरण हेतु इच्छुक विद्यार्थी आवश्यक प्रपत्रों के साथ आवेदन फार्म भरकर बी.एड. विभाग में समय से (फॉर्म प्राप्त करने के दो दिवस के अन्दर) जमा कर दें। **आवेदन पत्र प्राप्त एवं जमा करने की अंतिम तिथि 25 अगस्त, 2026 तक विस्तारित की जाती है।**

**नोटः– महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के ऐसे विद्यार्थी जिनका स्नातक पाठ्यक्रम 04 वर्ष का है, वे एन.सी.सी. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु अर्ह हैं।**

**आवेदन फार्म के साथ निम्न अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें–**

1. महाविद्यालय में **सत्र 2026–27** में प्रवेश शुल्क की रसीद।
2. हाई स्कूल अंकपत्र/प्रमाण पत्र।
3. इण्टरमीडिएट अंकपत्र/प्रमाण पत्र।
4. पिछली कक्षा का अंकपत्र/प्रमाण पत्र।
5. बैंक पासबुक (SBI अथवा अन्य)।
6. आधार कार्ड।
7. **एन.सी.सी. 'ए'/'बी'** प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो)।
8. यदि खिलाड़ी हो तो राष्ट्र/राज्य/मण्डल/जिला स्तर का प्रमाण पत्र।
9. सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्बन्धित राष्ट्र/राज्य/मण्डल/जिला स्तर का प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो)।

डॉ. (ले.) सुभाष चन्द्र
ए.एन.ओ
44 यू.पी. बी.एन एन.सी.सी गोरखपुर

प्रो.(डॉ.) ओम प्रकाश सिंह
प्राचार्य